छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड

(साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की अनुषंगी कम्पनी)

द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन 2014–15



विषयसूची

- संदर्भ सूचना 02
- निदेशक मण्डल 03
- वार्षिक आम बैठक की सूचना 05
- अध्यक्ष का पत्र 08
- निदेशकों का परिचय 11
- निदेशकों का प्रतिवेदन 14
- कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 सहपठित कम्पनी (लेखा) नियम, 2014 के अधीन सूचना 23
- कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप–धारा (1) में संदर्भित सम्बद्ध पार्टियों के साथ संविदा/व्यवस्था का विवरण 24
- फार्म सं.–एमजीटी–9 में कम्पनी के वार्षिक प्रतिवेदन का सार 26
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां 35
- लेखा परीक्षक प्रतिवेदन 37
- 31 मार्च, 2015 तक का तुलन पत्र 42
- 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि की विवरणी 43
- 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए रोकड़ प्रवाह विवरणी 44
- तुलन पत्र एवं लाभ और हानि विवरणी के भाग के रूप में टिप्पणियां 45
- सूचीकरण करारनामा (सेबी अनुसार) की धारा 41 के अधीन अनुलग्नक– I एवं IX 58
- सीईओ एवं सीएफओ प्रमाणीकरण 63

संदर्भ सूचना

पंजीकृत कार्यालय :

छत्तीसगढ़ ईस्ट–वेस्ट रेलवे लिमिटेड
महादेव घाट रोड,
रायपुरा चौक
रायपुर–492013 (छत्तीसगढ़)

निदेशक मण्डल :

श्री ए.पी. पण्डा	–	अध्यक्ष	(10.08.2013 से प्रभावशील)
श्री आर.पी.ठाकुर	–	निदेशक	(12.12.2013 से प्रभावशील)
डा. आर.एस. झा	–	निदेशक	(08.11.2014 से प्रभावशील)
श्री के.के.गर्ग	–	निदेशक	(25.03.2013 से प्रभावशील)
श्री संजय रस्तोगी	–	निदेशक	(25.03.2013 से प्रभावशील)
श्री सुनील मिश्रा	–	निदेशक	(04.05.2013 से प्रभावशील)
श्री देबराज पण्डा	–	अंशकालिक निदेशक	(29.12.2014 से प्रभावशील)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी	–	श्री विश्वजीत चौधरी	
मुख्य परिचालन अधिकारी	–	श्री राजेश खरे	
मुख्य वित्तीय अधिकारी	–	श्री रजनीश नारायण	

बैंकर्स :	सांविधिक लेखा परीक्षक :	कार्यरत कम्पनी सचिव :
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुन्दर नगर शाखा रायपुर, पिन–492013	मेसर्स ए.डी.बी. एंड कम्पनी, अधिकृत लेखाकार, प्रथम तल,महावीर गौशाला काम्पलैक्स, के. के. रोड, मौधापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)	मेसर्स एजीआर रेड्डी एंड कम्पनी कम्पनी सचिव, # 202, पवानी एनैक्स, बंजारा हिल्स, रोड नं.–2 हैदराबाद–500034

निदेशक मण्डल
(अवधि 2014–15)

अध्यक्ष (2014–15)

श्री ए.पी. पण्डा, निदेशक (वित्त), एसईसीएल	(10.08.2013 प्रभाव से)

निदेशकगण (2014–15)

श्री आर. पी. ठाकुर, निदेशक (तकनीकी) (संचालन), एसईसीएल	(12.12.2013 प्रभाव से)
श्री ए.के.सिंह, निदेशक (कार्मिक), एसईसीएल	(30.06.2014 तक)
डा. आर.एस. झा निदेशक (कार्मिक), एसईसीएल	(08.11.2014 प्रभाव से)
श्री के. के. गर्ग, निदेशक (वित्त), इरकॉन	(25.03.2013 प्रभाव से)
श्री संजय रस्तोगी, कार्यकारी निदेशक, इरकॉन	(25.03.2013 प्रभाव से)
श्री सुनील मिश्रा प्रबंध निदेशक, सीएसआईडीसीएल	(04.05.2013 प्रभाव से)
श्री ए.पी. सिंह मण्डल रेल प्रबंधक, एसईसीआर	(29.12.2014 तक)
श्री देबराज पण्डा, मण्डल रेल प्रबंधक, एसईसीआर	(29.12.2014 प्रभाव से)

निदेशक मण्डल
(21.05.2015 को)

अध्यक्ष

श्री ए.पी. पण्डा
निदेशक (वित्त), एसईसीएल

निदेशकगण

श्री आर.पी. ठाकुर,
निदेशक तकनीकी
(संचालन), एसईसीएल

डा. आर.एस. झा,
निदेशक (कार्मिक), एसईसीएल

श्री के.के. गर्ग,
निदेशक (वित्त), इरकॉन

श्री संजय रस्तोगी,
कार्यकारी निदेशक, इरकॉन

श्री सुनील मिश्रा,
प्रबंध निदेशक,
सीएसआईडीसीएल

श्री देबराज पण्डा,
मण्डल रेल प्रबंधक,
एसईसीआर

वार्षिक आम बैठक की सूचना

प्रति,

समस्त सदस्य,

छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड के समस्त अंशधारकों को एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी की द्वितीय आम बैठक महादेव घाटरोड, रायपुरा चौक, रायपुर–492013 (छत्तीसगढ़) स्थित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में 21 मई, 2015 गुरूवार को दोपहर 12.30 बजे आयोजित की जायेगी, जिसमें निम्नलिखित कार्यों पर चर्चा की जाएगी :

सामान्य कार्य :

01. दिनांक 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय लेखा के साथ–साथ निदेशक मण्डल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तथा भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक की टिप्पणी प्राप्त करना, विचार करना एवं स्वीकार करना ।

02. श्री संजय रस्तोगी (डीआईएन–06486684) को निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त करना, जोकि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 (6) के नियमों के अनुसार रोटेशन प्रकिया से सेवानिवृत्त होने वाले हैं । उनकी योग्यता को देखते हुए उन्हें पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्ताव देना ।

03. श्री सुनील मिश्रा (डीआईएन–06596121) को निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त करना, जोकि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 (6) के नियमों के अनुसार रोटेशन प्रकिया से सेवानिवृत्त होने वाले हैं । उनकी योग्यता को देखते हुए उन्हें पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्ताव देना ।

विशेष कार्य :

04. कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार सीईडब्लूआरएल का परिवर्तित–संशोधित संस्था नियमावली (एओए) को अनुमोदित करना ।

विशेष प्रस्ताव के रूप में निम्नलिखित प्रस्ताव संशोधन सहित या बिना संशोधन के यदि पारित करने के लिए उपयुक्त समझा जाता है, तो उस पर विचार करना ।

प्रस्ताव किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों के अनुमोदन के अंतर्गत कम्पनी अधिनियम, 2013 एवं उसमें बनाए गए नियमों के प्रयोज्य प्रावधानों, यदि हो तो, के अनुपालन में व्याख्यात्मक टिप्पणी में निर्दिष्ट अनुसार नवीन कम्पनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकतानुसार कम्पनी के संशोधित संस्था नियमावली सहित व्याख्यात्मक टिप्पणी में निर्दिष्ट अनुसार कम्पनी के विद्यमान संस्था नियमावली के आर्टिकल 1 से 72 तक को बदलने हेतु एतद्द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाता है ।

आगे यह प्रस्ताव किया जाता है कि श्री ए.पी. पण्डा, अध्यक्ष एवं श्री रजनीश नारायण, मुख्य वित्तीय अधिकारी को समस्त अधिनियमों, दस्तावेजों, विषयों व कार्यों को निष्पादित करने के लिए एतद् द्वारा अधिकृत किया जाता है, क्योंकि इस प्रस्ताव को प्रभावी बनाने के लिए उनमें विवेकपूर्ण आवश्यक विचार करने और यथासमय निष्पादित करने सहित आवश्यक प्रपत्रों और रिटर्न भरने तथा आरओसी से स्टाम्प शुल्क के भुगतान का विवेक है ।

छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड
निदेशक मण्डल के आदेशानुसार

पंजीकृत कार्यालय :
महादेव घाट रोड, रायपुरा चौक,
रायपुर (छत्तीसगढ़)–492013

दिनांक 15 मई, 2015

हस्ताक्षर/–
(ए.पी. पण्डा),
अध्यक्ष,
डीआईएन – 06664375

टिप्पणियां :

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 101 (1) के प्रावधानों के अनुपालन में अल्पकालिक सूचना पर वार्षिक आम बैठक बुलाने हेतु अंशधारकों की सहमति प्राप्त करने के लिए उन्हें आग्रह किया जाता है।

2. जो सदस्य बैठक में उपस्थित होने और मतदान देने के हकदार हैं वे अपने स्थान पर उपस्थित होने और मतदान करने के लिए एक प्राक्सी को नियुक्त करने के हकदार हैं । प्राक्सी को कम्पनी का सदस्य होना अपेक्षित नहीं है । प्राक्सी की मान्यता के उद्देश्य से वे प्रपत्र को विधिवत भर दें और यह प्रपत्र वार्षिक आम बैठक शुरू होने के 48–घंटा पहले कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में अवश्य पहुंच जाना चाहिए । प्राक्सी की नियुक्ति प्रपत्र संख्या–एमजीटी–11 में होगी,जो इसमें अनुलग्नित है ।

3. कार्पोरेट सदस्य से आग्रह है कि वार्षिक आम बैठक में अपने प्रतिनिधि की उपस्थिति एवं मतदान के लिए अधिकृत करने हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 113 के अनुपालन में बोर्ड प्रस्ताव की एक विधिवत प्रमाणित प्रतिलिपि कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में भेज दें ।

4. ऊपर में निर्दिष्ट अनुसार, विशेष व्यवसाय के संबंध में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुपालन में सम्बद्ध विवरण इसके साथ अनुलग्नित है ।

5. सूचनाओं में उल्लिखित और उसके साथ अनुलग्नित सभी दस्तावेज सहित अन्य अनिवार्य रजिस्टर/दस्तावेज द्वितीय वार्षिक आम बैठक की तिथि के पूर्व सभी कार्य दिवसों पर (शनिवार और रविवार को छोड़कर) पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण हेतु खुला रहेगा ।

वितरण :

1. श्री ओम प्रकाश, अध्यक्ष–सह प्रबंध निदेशक, एसईसीएल बिलासपुर
2. श्री ए.पी. पण्डा, निदेशक (वित्त), एसईसीएल एवं अध्यक्ष (सीईडब्लूआरएल)
3. श्री आर.पी. ठाकुर, निदेशक (तकनीकी) संचालन, एसईसीएल एवं निदेशक (सीईडब्लूआरएल)
4. डा. आर.एस. झा, निदेशक (कार्मिक), एसईसीएल एवं निदेशक (सीईडब्लूआरएल)
5. श्री के.के. गर्ग, निदेशक (वित्त), इरकॉन एवं निदेशक (सीईडब्लूआरएल)
6. श्री संजय रस्तोगी, कार्यकारी निदेशक (इरकॉन) एवं निदेशक (सीईडब्लूआरएल)
7. श्री सुनील मिश्रा, प्रबंध निदेशक (सीएसआईडीसीएल) एवं निदेशक (सीईडब्लूआरएल)
8. सीईडब्लूआरएल के समस्त निदेशक
9. मेसर्स एडीबी एंड कम्पनी, सांविधिक लेखा परीक्षक, रायपुर
10. मेसर्स एजीआर रेड्डी एंड कम्पनी, कार्यरत कम्पनी सचिव, हैदराबाद

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुपालन में व्याख्यात्मक विवरण

मद क्रमांक (4)

अनुच्छेद कम्पनी के आंतरिक क्रियाकलापों के प्रबंधन के लिए नियम एवं विनियम है । यह कम्पनी और इसके सदस्यों तथा परस्पर सदस्यों के बीच अनुबंध स्थापित करता है । कम्पनी की संस्था नियमावली एक ऐसा दस्तावेज है जो समझौता ज्ञापन सहित कम्पनी का संविधान स्थापित करता है, निदेशकों के कर्तव्य एवं दायित्वों, किए जाने वाले कार्यों के प्रकार तथा उन माध्यमों का जिसके द्वारा निदेशक मण्डल पर अंशधारक नियंत्रण करने का प्रयास करता है,की व्याख्या करता है ।

सीईडब्लूआरएल का विद्यमान संस्था नियमावली कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत दिनांक 25.03.2013 को कम्पनी के संस्थापन से प्रभाव में आ गया है । अब नया कम्पनी अधिनियम, 2013 दिनांक 01.04.2014 से प्रभाव में आ गया है, जो कम्पनी अधिनियम, 2013 की दिशा में कम्पनी की संस्था नियमावली के संशोधन को अनिवार्य बना देता है ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 5 की उप–धारा (6) यह प्रावधान करता है कि कम्पनी अधिनियम की अनुसूची– । के तालिका एफ, जी, एच, आई एवं जे में निर्धारित संबंधित प्रपत्र ऐसी कम्पनी के लिए प्रयोज्य हो सकते हैं । इसके आगे कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 5 की उप–धारा (9) यह प्रावधान करता है कि धारा (5) में कुछ न होने पर वे किसी पूर्व कानून के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनी की धारा से आवेदन करेंगे, जब तक कि कम्पनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत संशोधित नहीं हो जाता है ।

चूंकि किसी संगठन के संचालन को पूरा करने की धारा में विशेष कंडिकायें होती है उसी तरह कम्पनी अधिनियम, 2013 के कई प्रावधानों में भी आवश्यक है । अतः यह प्रावधान किया जाता है कि नई आवश्यकताओं की दिशा में धारा बदले जाएं । चूंकि धारा में शामिल करने के लिए विविध प्रावधानों को अपने आप में विशेष कंडिकाओं की आवश्यकता होती है ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 (1) के अनुसार आम बैठक में विशेष प्रस्ताव के द्वारा संस्था नियमावली में बदलाव/संशोधन/हेरफेर किया जा सकता है । अतः सीईआरएल का विद्यमान संस्था नियमावली (अनुलग्नक– ।। के रूप में संलग्न है) के प्रतिस्थापन के लिए सीईडब्लूआरएल का संशोधित संस्था नियमावली (अनुलग्नक– । के रूप में संलग्न है) सीईडब्लूआरएल के निदेशक मण्डल की 13–वीं बैठक में दिनांक 06.05.2015 (मद क्रं–13:4:1) को अनुमोदित किया गया है और आम बैठक में अंशधारकों के अनुमोदन के लिए अनुशंसा की गई है ।

प्रस्ताव किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों के अनुमोदन के अंतर्गत कम्पनी अधिनियम, 2013 एवं उसमें बनाए गए नियमों के प्रयोज्य प्रावधानों, यदि हो तो, के अनुपालन में व्याख्यात्मक टिप्पणी में निर्दिष्ट अनुसार नवीन कम्पनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकतानुसार कम्पनी के संशोधित संस्था नियमावली सहित व्याख्यात्मक टिप्पणी में निर्दिष्ट अनुसार कम्पनी के विद्यमान संस्था नियमावली के आर्टिकल 1 से 72 तक को बदलने हेतु एतद्द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाता है ।

आगे यह प्रस्ताव किया जाता है कि श्री ए.पी. पण्डा, अध्यक्ष एवं श्री रजनीश नारायण, मुख्य वित्तीय अधिकारी को समस्त अधिनियमों, दस्तावेजों, विषयों व कार्यों को निष्पादित करने के लिए एतद् द्वारा अधिकृत हों/अधिकृत किया जाता है, क्योंकि इस प्रस्ताव को प्रभावी बनाने के लिए उनमें विवेकपूर्ण आवश्यक विचार करने और यथासमय निष्पादित करने सहित आवश्यक प्रपत्रों और रिटर्न भरने तथा आरओसी से स्टाम्प शुल्क के भुगतान का विवेक है ।

निदेशक, प्रबंधक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके संबंधी में से कोई भी उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में वित्तीय या अन्य विषयों से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रखेंगे या इच्छुक नहीं होंगे।

छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड
निदेशक मण्डल के आदेशानुसार

हस्ताक्षर/–
(ए.पी. पण्डा),
अध्यक्ष,
डीआईएन – 06664375

पंजीकृत कार्यालय :
महादेव घाट रोड, रायपुरा चौक,
रायपुर (छत्तीसगढ़)–492013

दिनांक 15 मई, 2015

अध्यक्ष का पत्र

प्रिय अंशधारक,

छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड की द्वितीय आम वार्षिक बैठक में कम्पनी के निदेशक मण्डल की ओर से समस्त शेयर धारकों का स्वागत करते हुए तथा कम्पनी के वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कम्पनी की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र तथा निदेशक प्रतिवेदन कम्पनी के सभी अंशधारकों को उपलब्ध करा दिया गया है । मुझे उम्मीद है आप सब इनसे अवगत होंगे ।

वित्तीय वर्ष 2014–15 रेल कॉरिडोर के स्वप्न को जमीनी हकीकत पर उतारने का वर्ष रहा है । परियोजना निष्पादन करार पर हस्ताक्षर के बाद दो जिलों अर्थात बिलासपुर व कोरबा में भूमि सर्वेक्षण प्रारंभ करने एवं भू–अभिलेखों के सत्यापन के लिए रेल एलाईनमेंट को अंतिम रूप दिया गया । चूंकि वृहत कोल ब्लाक परियोजना अर्थात गेवरा, दीपका और कुसमुंडा की बढ़ती यातायात इस कोरिडोर से होकर निकलेगी, अतः ईस्ट–वेस्ट रेल कोरिडोल एसईसीएल की जीवन रेखा बनने जा रही है । इस क्षेत्र में स्थापित हो रही माल ढुलाई एवं यातायात के आवागमन हेतु आधारभूत अवसंरचनाएँ जैसे–रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, सायडिंग, वार्फवॉल इत्यादि इस क्षेत्र की तस्वीर बदलने में निश्चय ही सफल होंगे। दूसरे शब्दों में, इस क्षेत्र में विशिष्ट रेल परियोजना में कुछ किलोमीटरों के जुड़ाव से देश को फायदा पहुँच रहा है ।

आर्थिक परिदृश्य :

अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों जैसे आईएमएफ एवं वर्ल्ड बैंक की भविष्यवाणियों के अनुसार वर्ष 2015–16 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर 7.50 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जबकि संयुक्त राष्ट्र संघ सर्वे एवं बजट पूर्वानुमानों के मुताबिक इस वर्ष यह दर लगभग 8 प्रतिशत रहेगी । पूरे विश्व में आर्थिक परिदृश्य उतार–चढ़ाव से भरे रहेंगे तथा वैश्विक विकास दर 3.5 प्रतिशत के सामान्य दर पर रहने की उम्मीद है । कच्चे तेल की घटती कीमत से असंतुलन को भरने तथा आर्थिक गतिविधियों को गति देने में सहायता मिलेगी । कुछ विकसित अर्थ–व्यवस्थाओं में दीर्घावधि की मुद्रास्फीति या अवस्फीति, यूरोपीय संघ में अनिश्चितताएँ, कई भू–भागों में परस्पर संघर्ष से ऊपजे वैश्विक तनाव आदि कारक आर्थिक विकास को चुनौती प्रदान करते रहेंगे ।

वर्ष 2014–15 में घरेलू अर्थव्यवस्था के समष्टि अर्थ–व्यवस्थात्मक आधारों में मजबूती आई है जो विभिन्न संकेतों जैसे– जीडीपी में विस्तार, मुद्रास्फीति में कमी, वैश्विक तेल एवं गैस की कीमतों में गिरावट, विदेशी संस्थागत निवेशों का सतत प्रवाह एवं फॉरेक्स के जरिए धन का देश में आना, विनिमय दरों में स्थिरता, चालू बजट घाटे में कमी आदि–के जरिए परिलक्षित होती है । इसी प्रकार कुछ अन्य प्रयासों जैसे–मेक इन इण्डिया की पहल, जीएसटी को संभाविक रूप से लागू करने की आशा, राज्यों को कर की हिस्सेदारी में बढ़ोत्तरी, उच्चतर टैक्स–जीडीपी अनुपात, गैर–कर राजस्व में अनुमानित बढ़ोत्तरी, गैर योजनागत व्यय में कमी, अनुपातिक रूप से विदेशी ऋण में कमी, वित्तीय समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता आदि आने वाले समय में आर्थिक विकास को रफ्तार देंगे ऐसी उम्मीद है ।

थोक मुद्रा सूचकांक (डब्ल्यू.ई.आई.) में अप्रैल 2015 में वार्षिक आधार पर लगातार छठे महिने गिरावट दर्ज की गई है तथा अवस्फीति 2.7 प्रतिशत मापी गई है । ईंधन की मुद्रास्फीति नवंबर 2014 में नकारात्मक हो चुकी है तथा जनवरी 2015 में यह नकारात्मक परिमाण दोहरे अंकों में जा पहुँचा है। विर्निमाण की वस्तुएँ जैसे कि खाद्य उत्पाद, खाद्य तेल, चीनी, कपास एवं मानव निर्मित सूती वस्त्र, चमड़ा, रबड़, रसायन एवं धातु वर्ग तथा प्राथमिक वस्तुओं की कीमतों में अप्रैल 2015 में 0.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई । इसी प्रकार प्राथमिक खाद्य एवं गैर खाद्य वस्तुओं में 0.3 प्रतिशत की गिरावट रही ।

अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अप्रैल 2015 में घटकर 4.9 प्रतिशत रह गया जो इससे पहले महिने 5.3 प्रतिशत था । इन्हीं महीनों में शहरी एवं ग्रामीण भारत में मुद्रास्फीति की दर मुख्यतया खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट की वजह से 5.4 प्रतिशत से घटकर 4.4 प्रतिशत रह गई । वर्ष 2014–15 में औद्योगिक उत्पादन (आई.आई.पी.) 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी जबकि तुलनात्मक रूप से पिछले वर्ष यह 0.1 प्रतिशत कम रही । मार्च 2015 में विनिर्माण क्षेत्र एवं विद्युत उत्पादन क्रमशः 2.2 प्रतिशत एवं 2 प्रतिशत की दर से बढ़े जबकि गत वर्ष इसी महीने के तुलना में खनन क्षेत्र में 0.9 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज हुई ।

रेलवे अवसंरचना

भारतीय रेलवे ने देश की अर्थ–व्यवस्था के लिए प्रमुख वाहन के रूप में स्थापित किया है । यह देश के परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करता है और विविध संस्कृतियों को जोड़कर राष्ट्र को एकीकृत करता है। यह लम्बी दूरी की यात्रा, भारी मात्रा में वस्तुओं को ले जाने, ऊर्जा कौशलता एवं परिवहन के पर्यावरणीय मैत्री को सुगम बनाता है । यह विश्व के रेलवे नेटवर्कों में सबसे बड़ा नेटवर्क है जिसमें 64000 कि.मी. रेलवे लाईन है, 7000 से ज्यादा स्टेशन फैले हुए हैं एवं रोज 19000 गाड़ियां दौड़ रही हैं ।

किफायती विस्तारण के प्रति सहयोग के लिए वृहत ऊर्जा क्रियान्वित कर सरकार ने किफायती माल भाड़ा, पैसेंजर टर्मिनल, निजी सार्वजनिक सहभागिता (पीपीपी) के माध्यम से उप–नगरीय कारिडोर ट्रेन सेट एवं लोकोमोटिव/ कोचों सहित स्टॉक क्रय का रोलिंग, हाईस्पीड ट्रेन परियोजना, रेलवे विद्युंतीकरण एवं सिग्नलिंग प्रणाली, ऊर्जा का गैर–परम्परागत स्त्रोत, सुरक्षा सुधार और दुर्घटना कम करने के तकनीकी समाधान इत्यादि जैसे क्षेत्रों में निर्माण के लिए घरेलू और एफडीआई की अनुमति, रेलवे अवसंरचना के संचालन एवं अनुरक्षण के लिए सरकार ने गाईडलाईन जारी किया है । उपरोक्त गाईडलाईन घरेलू और विदेशी निवेश को बढ़ावा देगा। सरकार ने रेलवे अवसंरचना संस संचालन के माध्यम से 100–प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी है जिसमें सरकार की पूर्व अनुमति आवश्यक नहीं है ।

हाल ही में एलआईसी ने रेलवे के साथ 1.5 लाख करोड़ धरोहर राशि के निवेश का समझौता किया है जोकि राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टरों के फण्ड संकट को समाप्त कर सकता है ।

कोयला निकासी एवं रेल नेटवर्क

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) भारत में कुल उत्पादन का 81–प्रतिशत सहयोग करता है । एसईसीएल, सीआईएल की अनुषंगी है जो कोयला निकासी और प्रेषण में प्रमुख सहयोगी है । ऊर्जा क्षेत्र की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2015 में 128 मिलियन टन कोयला की निकासी हुई, जोकि अर्थ–व्यवस्था की सुरक्षा के लिए ऊर्जा उपलब्ध कराता है । एसईसीएल ने लगभग 70–प्रतिशत कोयला रेल, मेरी–गो राउण्ड, बेल्ट कन्वेयर के माध्यम से ऊर्जा सेक्टर को प्रेषित किया है । कम्पनी ने कोयला उत्पादन में वृद्धि के लिए और विद्यमान व नए कोलफील्ड्स से कोयला प्रेषण के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की है । उच्चतर उत्पादन संभार की चुनौतियों और लदान की सुविधाओं के आधुनिकीकरण द्वारा कोयले की द्रुत निकासी के लिए द्रुत–लदान प्रणाली (आरएलएस), उच्च क्षमतायुक्त साइलो आदि खदान से पर्यावरण मैत्री परिवहन प्रणाली की शुरूआत की गई है। एसईसीएल ने अपने कोयला खदानों से द्रुत गति से निकासी के लिए तथा पर्यावरण के प्रदूषण को कम करने के लिए रेल अवसंरचना में सुधार पर बल दिया। एसईसीएल 2020 तक राष्ट्र का कोयला वार्षिक 1 बिलियन टन उपलब्ध कराने के सीआईएल की वचनबद्धता का हिस्सेदार बना है। इस विश्वास को पूरा करने के लिए रेल अवसंरचना के सामयिक विकास के द्वारा अनुकूल निकासी तंत्र की आवश्यकता है ।

संयुक्त उद्यम

एसईसीएल, इरकॉन एवं सीएसआईडीसी ने संयुक्त उद्यम कम्पनी अर्थात छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड (सीईडब्लूआरएल) गठित कर छत्तीसगढ़ में रेल सम्बद्धता बढ़ाने के लिए संयुक्त रूप से हाथ मिलाया है । उपरोक्त उद्यम भार को पूरा करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार प्रशासनिक सहयोग, रेलवे से तकनीकी सहयोग एवं एसईसीएल से वाणिज्यिक सहयोग मांगा है । सीईडब्लूआरएल को ईस्ट वेस्ट रेल कोरिडोर अर्थात गेवरा रोड से पेण्ड्रारोड स्थापित करने के लिए निगमित किया गया है । इसे रेल अवसंरचना में निवेश से एवं रेल कोरिडोर के परिवहन–व्यापार से सृजित राजस्व के अंश से सहभागितात्मक व्यवसाय मॉडल द्वारा उद्यम में कायम रहने के लिए परिकल्पित किया गया है ।

आभार

मैं इस क्षेत्र में रेल कोरिडोर विकास के लिए सभी प्रकार से अंशधारकों के सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। कोरिडोर में अब तक की प्रगति उनके अथक प्रयास के बिना संभव नहीं हो पाती, जिन्होंने उद्यम पर विश्वास किया और हमारी वचनबद्धता से जुड़ने के लिए अपना हांथ बढ़ाया ।

मैं निदेशक मण्डल की ओर से,अंशधारकों तथा कम्पनी के प्रबंधकों, कोयला मंत्रालय, रेल मंत्रालय, छ.ग. शासन, साउथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे, कोल इंडिया लिमिटेड तथा साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के प्रति उनके निरंतर मार्गदर्शन तथा सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं कि भविष्य में भी उनका ऐसा ही सहयोग मिलता रहेगा । इस मौके पर मैं समस्त अधिकारियों तथा सहयोगियों का इस उद्यम में उनके समर्पण तथा कठिन परिश्रम के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं ।

धन्यवाद,

हस्ताक्षर/–
(ए.पी. पण्डा),
अध्यक्ष,
डीआईएन – 06664375

निदेशकों का परिचय

श्री ए.पी. पण्डा (47 वर्ष) निदेशक (वित्त), एसईसीएल ने दिनांक 10 अगस्त, 2013 को छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड के अध्यक्ष का प्रभार ग्रहण किया । श्री पण्डा एक योग्य कास्ट एकाउंटेंट है तथा आपने एमबीए (वित्त) की योग्यता भी प्राप्त की है । आप इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फेलो सदस्य (एफसीएमए) है । निदेशक (वित्त), एसईसीएल एवं अध्यक्ष, सीईडब्लूआरएल के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व आपने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) में विभिन्न पदों पर कार्य किया है ।

आपको कम्पनी के वित्तीय प्रबंधन में गहन व व्यापक अनुभव है। आपको फॉरेन इक्सचेंज रिस्क मैनेजमेंट में विशेषज्ञता हासिल है। आप वित्तीय प्रबंधन, लागत में कमी, आंतरिक नियंत्रण, तथा उत्पादकता/कार्य–दक्षता सुधार में उपलब्धि के माध्यम से संचालन में सुधार, प्रभावी व्यवसाय वृद्धि तथा लाभ को उच्चतम बिन्दु तक ले जाने में प्रमाणिक योग्यता के साथ एक कुशल नीति नियोजक हैं । आपको वित्तीय कार्यक्षेत्र में 23–वर्षों से भी अधिक अवधि का व्यापक अनुभव है । आप एक कुशल व प्रखर विश्लेषक है तथा आप रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनी (आरओसी), बैंक, वित्तीय संस्थानों आदि सहित सरकारी विभागों, विनियामक प्राधिकारियों तथा बाह्य एजेंसियों के साथ सम्पर्क बनाने में अपनी प्रमाणिक योग्यता के बलबूते पर असाधारण संबंध प्रबंधन व वार्ता कौशल के विषय में प्रतिबद्ध प्रबंधन पदाधिकारी है ।

इसके अतिरिक्त, श्री पण्डा एसईसीएल की अनुषंगी कंपनी व सीईडब्लूआरएल की सहयोगी कम्पनी छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड के अध्यक्ष भी हैं ।

श्री आर.पी. ठाकुर (58 वर्ष) निदेशक (तकनीकी) संचालन, एसईसीएल ने दिनांक 12.12.2013 को सीईडब्लूआरएल के बोर्ड में निदेशक के पद पर पदभार ग्रहण किया। श्री ठाकुर ने इंडियन स्कूल ऑफ माईन्स, धनबाद से खनन स्नातक की उपाधि ग्रहण की है तथा एक्सआईएसएस, रांची से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पीजी डिप्लोमा भी किया है । आपने वर्ष 1990 में बीआईटी मेसरा, रांची से एमबीए (विपणन एवं वित्त) की उपाधि ग्रहण किया हैं। आपने वर्ष 1977 में जेट (खनन) के रूप में कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कम्पनी, सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में कार्यभार ग्रहण किया तथा एसईसीएल में निदेशक (तकनीकी) संचालन का प्रभार लेने के पूर्व आप नवम्बर, 2013 के अंतिम दिनों तक फील्ड्स तथा कार्पोरेट स्तर पर विभिन्न पदों पर कार्य करने के साथ–साथ मुख्य महाप्रबंधक (संचालन–समन्वय) के पद पर भी कार्य किया। आपको खनन क्षेत्र में 37–वर्षों से भी अधिक अवधि का गहन व व्यापक अनुभव है ।

इसके अतिरिक्त, श्री ठाकुर आन्ध्र प्रदेश हैवी मशीनरी एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के नामित निदेशक तथा एसईसीएल की अनुषंगी कम्पनी तथा सीईडब्लूआरएल की सहयोगी कम्पनी छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड के निदेशक भी हैं ।

डा. आर.एस. झा (54 वर्ष), निदेशक (कार्मिक), एसईसीएल ने दिनांक 08.11.2014 को सीईडब्लूआरएल के निदेशक मण्डल में निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया । डा. झा. एक बहुमुखी प्रतिभा के मानव संसाधन अधिकारी हैं, तथा आपको भिन्न–भिन्न प्रकार के उद्योगों में कार्मिक कार्यों के समस्त पहलुओं में कार्य करने का व्यापक अनुभव प्राप्त है । आपने श्रम एवं समाज कल्याण में एमए (टॉपर), एलएलबी एवं पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है । आप ने बिहार, झारखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित विभिन्न संस्थानों में विभिन्न पदों पर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसमें बिहार राज्य सुगर कार्पोरेशन, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड (अनुसूची–ए सीपीएसयू), वेदांता/स्टरलाईट ग्रुप ऑफ कम्पनीज, एनएमडीसी (नवरत्न कम्पनी) शामिल हैं ।
आपने कोल इंडिया लिमिटेड के वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 21.06.2011 को महाप्रबंधक (कार्मिक) के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। तत्पश्चात, आपने दिसम्बर, 2011 में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, संबलपुर में महाप्रबंधक (कार्मिक/प्रशासन) के पद पर कार्य किया, जहां आप श्रमशक्ति, भर्ती, अधिकारी स्थापना, कौशल विकास सामान्य प्रशासन आदि विभाग के प्रमुख भी रहे। आपने कम्पनी के मुख्य लोक सूचना अधिकारी/शिकायत निवारण अधिकारी के पद पर भी कार्य किया। आपने हर अवसर पर सर्वत्र कार्यनीतिक अधिकारी होना सिद्ध किया है जो आपके विविध कार्यदल में सहभागिता प्रबंधन की शैली को प्रदर्शित करता है। आप श्रमशक्ति सुव्यवस्थीकरण, कौशल विकास पहलकर्ता तथा मानव संसाधन विभाग के अन्य चुनौतिपूर्ण कार्यों में भी सहायक रहे हैं।

आपने दिनांक 04.05.2014 से 21.05.2015 तक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोलकाता में कोल इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधकों के लिए उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम,फ्रांकफर्ट स्कूल ऑफ फाईनेंस एंड मैनेजमेंट, जर्मनी तथा स्टॉकहोम स्कूल ऑफ इकोनामिक्स, स्वीडन में भी भाग लिया है।

इसके अलावा, डा झा एसईसीएल की अनुषंगी कम्पनी तथा छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड की सहयोगी कम्पनी छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड के निदेशक भी हैं।

श्री के.के. गर्ग (59 वर्ष), निदेशक (वित्त), इरकॉन ने दिनांक 25.03.2013 को सीईडब्लूआरएल के निदेशक मण्डल में कार्यभार ग्रहण किया। श्री के.के.गर्ग ने वर्ष 1976 में पंजाब यूनिवर्सिटी, पटियाला से बी.काम किया। आप इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के फेलो सदस्य है तथा आपको वित्त के विभिन्न क्षेत्रों में 34 वर्षों से भी अधिक अवधि का गहन व व्यापक अनुभव है।

आपने वर्ष 1982 में पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में लेखा अधिकारी के पद पर अपने कैरियर की शुरूआत की। आपने एनएचपीसी लिमिटेड में 11–वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य किया । तत्पश्चात आपने एनएचपीसी लिमिटेड से प्रतिनियुक्ति पर दिसम्बर, 1997 में अपर महाप्रबंधक (वित्त) के पद पर इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड में कार्यभार ग्रहण किया तथा फरवरी, 2006 में कार्यकारी निदेशक (वित्त) पद पर पदोन्नत हुए व मई, 2007 तक इस पद को सुशोभित किया। इरकॉन में अपने 9 वर्ष 6–माह के कार्यकाल के दौरान, आप कार्पोरेट एकाउंट्स, कार्पोरेट कराधान, कार्पोरेट एमआईएस, तथा बजटरी कंट्रोल, वाणिज्यिक अध्यवसाय (ड्यू डेलीगेंस) तथा भारत व विदेश दोनों में बीओटी/वार्षिक–वृत्ति आधार पर परियोजनाओं के बोली के लिए वित्तीय व्यवहार्यता विश्लेषण, वित्तीय मॉडल तैयार करने, संवेदनशीलता विश्लेषण व कार्य अवार्ड के वित्तीय क्लोजर के प्रभारी रहे।

आपने सतलज जल विद्युत निगम लिमिटेड (वर्तमान नाम एस.जे.वी.एन. लिमिटेड) में लगभग 2 वर्ष 6–माह तक निदेशक (वित्त) के पद पर कार्य किया । आप दिनांक 3 नवम्बर, 2009 से इरकॉन के निदेशक (वित्त) हैं। आप समय–समय पर इरकॉन के भारतीय अनुषंगी एवं संयुक्त उद्यम कम्पनियों अर्थात इरकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेस लिमिटेड, छत्तीसगढ़ ईस्ट–वेस्ट रेलवे लिमिटेड, छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड तथा मोजाम्बिक में फारेन ज्वाईंट वेंचर कम्पनी सीसीएफबी के निदेशक नामित किए गए ।

श्री संजय रस्तोगी (54 वर्ष),कार्यकारी निदेशक, इरकॉन ने कंपनी की संस्था नियमावली में अंशदाता होने के नाते दिनांक 25.03.2013 को निदेशक, सीईडब्लूआरएल का प्रभार ग्रहण किया । श्री रस्तोगी ने बी.टेक (सिविल इंजीनियर) की उपाधि प्राप्त की है तथा आप इंडियन रेलवे सर्विसेस ऑफ इंजीनियरिंग (आईआरएसई) केडर के 1983 बैच के अधिकारी हैं। अपने 31 वर्षों की सेवा के दौरान आपने रायपुर–विजियानगरम दोहरे रेल लाईन,अलीगढ़–गाजियाबाद तीहरे रेल लाईन परियोजना आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निष्पादन किया। आपने मुख्य ट्रेक इंजीनियर, मुख्य ट्रेक मशीन इंजीनियर पद पर कार्य करने के अतिरिक्त राईट्स लिमिटेड में नगरीय/शहरी योजना (अर्बन प्लानिंग) के क्षेत्र में भी कार्य किया। आपको चीन एवं इंडोनेशिया में बस रेपिड ट्रांजिट सिस्टम में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। आपने चुनौतीपूर्ण उधमपुर–श्रीनगर–बारामुला रेल लाईन परियोजना का कार्य करने वाले दल का भी नेतृत्व किया है ।

इसके अलावा, श्री रस्तोगी एसईसीएल की अनुषंगी कम्पनी तथा सीईडब्लूआरएल की सहयोगी कम्पनी छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड के निदेशक भी हैं ।

श्री सुनील मिश्रा (49–वर्ष) प्रबंध निदेशक, सीएसआईडीसीएल ने दिनांक 04.05.2013 को सीईडब्लूआरएल के बोर्ड में निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया । प्राणी विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त श्री मिश्रा छत्तीसगढ़ केडर के भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी हैं । वन विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान आपने ''समग्र ग्राम विकास मॉडल'' के कार्यान्वयन के माध्यम से लगभग 400 ग्रामों में गरीबी/निर्धनता उन्मुलन पर उत्कृष्ट कार्य किया, जिसे इंडियन फारेस्ट्री कांग्रेस, 2011 द्वारा रोल–मॉडल के रूप में अपनाया गया । आपको जल संरक्षण तथा बरनवापारा सैंक्चूऐरी में इको–टूरिज्म के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए वर्ष 2008 में ग्रीन गार्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया । वर्तमान में, आप छत्तीसगढ़ राज्य औद्यौगिक विकास निगम लिमिटेड (छत्तीसगढ़ सरकार का उपक्रम) में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं, छत्तीसगढ़ राज्य के सम्पूर्ण औद्यौगिक विकास कार्य के लिए औद्योगिक इकाईयों को भूमि आबंटित कर औद्यौगिक क्षेत्रों/सेक्टर में विशिष्ट औद्यौगिक पार्क की स्थापना करने, उसे बनाए रखने, औद्यौगिक प्रगति व स्थानीय लघु उद्योगों को कच्चा माल यथा :– कोयला, आयरन एवं स्टील उपलब्ध कराने में आपकी भूमिका सराहनीय रही ।

इसके अलावा, श्री मिश्रा एसईसीएल की अनुषंगी कम्पनी तथा सीईडब्लूआरएल की सहयोगी कम्पनी छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड कें निदेशक भी हैं ।

श्री देबराज पण्डा (53 वर्ष), मण्डल रेल प्रबंधक, एसईसीआर, बिलासपुर ने दिनांक 29.12.2014 को सीईडब्लूआरएल–बोर्ड में निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया । जेएनयू से अर्थ–शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त श्री पण्डा 1985 बैच के आईआरटीएस अधिकारी हैं। मण्डल रेल प्रबंधक, एसईसीआर, बिलासपुर मण्डल के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व आप ईस्ट कोस्ट रेलवे, संबलपुर मण्डल में मण्डल रेल प्रबंध के पद पर कार्य किए। आपने ईस्ट–कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) में भी वरीय उप महाप्रबंधक (एसडीजीएम) के पद पर कार्य किया है । तत्पश्चात, आपने कोलकाता में ग्रुप महाप्रबंधक (जीजीएम) के पद पर आईआरसीटीसी में कार्यभार ग्रहण किया । उसके पश्चात आपने ईसीओआर के मुख्य भाड़ा परिवहन प्रबंधक (सीएफटीएम) के पद पर कार्य किया । आपने एचईसी पेरिस एवं जोहानसबर्ग में यूआईसी के लिए आयोजित कार्यनीति प्रबंधन में प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है ।

उपरोक्त के अलावा, श्री पण्डा एसईसीएल की अनुषंगी कम्पनी तथा सीईडब्लूआरएल की सहयोगी कम्पनी छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड के निदेशक भी हैं ।

निदेशक प्रतिवेदन

आदरणीय सदस्यगण,

मुझे, आपकी कम्पनी के निदेशक–मण्डल की ओर से, 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष का आपकी कम्पनी के द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा परीक्षित लेखा विवरण के साथ लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा लेखा पर टिप्पणियां प्रस्तुत करते हुए असीम प्रसन्नता है।

1.0 कार्य–निष्पादन की झलक :

वित्तीय वर्ष 2014–15 ने लोकहित के उद्देश्य से अंचल में रेल अवसंरचना के विकास हेतु मार्ग–प्रशस्थ किया है। सर्व संबंधितों के साथ कई बैठकें में लम्बी चर्चा व विचार विमर्श के बाद, रेल संरेखण (रेल एलाईनमेंट) को अंतिम रूप देते हुए तराशा गया था। अंचल में आने वाले पावर ग्रिड ट्रांसमिशन टावर्स के अनुसार संबंधित रेल संरेखण में आवश्यक परिवर्तन परिवर्तित किया गया। प्रस्तावित रेल संरेखण छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एवं कोरबा जिला से होते हुए प्रस्तावित है। आपकी कम्पनी ने वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है, जिसका सार नीचे दर्शित है–

1. साऊथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे (एसईसीआर) के साथ लम्बी चर्चा के दौरान संरेखण मुद्दे एवं सायडिंग तक कनेक्टिविटी पर सुझाए गए परिवर्तन–संशोधन के अनुसार मूल विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) पुनरीक्षण किया जा रहा है ।

2. भूमि–सर्वेक्षण और भू–अभिलेखों के सत्यापन पश्चात, रेलवे अधिनियम, 1989 के अधीन बिलासपुर जिला में निजी भूमि अधिग्रहित करने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। कोरबा जिला में सर्वेक्षण एवं सत्यापन का कार्य प्रगति पर है ।

3. सरकारी भूमि के हस्तांतरण के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है ।

4. वन भूमि के संबंध में सर्वेक्षण, सत्यापन व वृक्ष गणना का कार्य प्रगति पर है ।

5. समय की बचत को ध्यान में रखते हुए, ''वन्य जीव संरक्षण योजना'' तैयार करने के लिए ट्रापिकल फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (टीएफआरआई), जबलपुर से अनुरोध किया गया है ।

2.0 संगठन :

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, इरकॉन इंटरनेशल कम्पनी तथा छत्तीसगढ़ शासन (सीएसआईडीसी द्वारा प्रतिनिधित्व) की संयुक्त उद्यम कम्पनी होने के नाते, कम्पनी का निगमन–गठन रेल नेटवर्क के विकास एवं छत्तीसगढ़ के उत्तरी अंचल में गेवरा रोड से पेण्ड्रा रोड तक वैकल्पिक मार्ग से होते हुए एसईसीएल की गेवरा, दीपका तथा कुसमुंडा खदानों से निरंतर बढ़ रहे कोयला उत्पादन से मुख्यतः कोयला परिवहन की सुविधा मुहैया कराने के लिए किया गया । इसके गठन का मुख्य उद्देश्य कोयले की निकासी के संबंध में भविष्य की चुनौतियों तथा देश की बढ़ती कोयले की मांग–आवश्यकता को पूरा करना है। रेलवे मंत्रालय (भारत सरकार) ने छत्तीसगढ़ राज्य में ईस्ट वेस्ट रेल कोरिडोर को **''विशेष रेलवे परियोजना''** के रूप में अधिसूचित किया है, जो सार्वजनिक उददेश्य के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना उपलब्ध कराने तथा रेलवे अधिनियम, 1989 के अधीन भूमि का अधिग्रहण करने के लिए है।

3.0 प्रवर्तक (प्रमोटर) कम्पनियों की भूमिका :

प्रस्तावित संयुक्त उद्यम राष्ट्रीय भावना के उद्देश्य से भागीदारों की आवश्यकताओं का निराकरण करते हुए सहभागिता सृजित करता है। एमओयू दिनांक 03.11.2012 के अनुसार, संयुक्त उद्यम भागीदारों ने कंपनी का गठन करते हुए इक्विटी/ऋण आदि के वांछनीय रूप में अपेक्षित विस्तृत वित्तीय सहयोग के अलावा परियोजना की संभाव्यता अध्ययन और बैंकग्रहिता की स्थापना के लिए सहमति व्यक्त की है। जहां छत्तीसगढ़ का इक्विटी शेयर राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि के मूल्य के समरूप होगा । कम्पनी (सीईडब्लूआरएल) का गठन, एसईसीएल, इरकॉन एवं छत्तीसगढ़ शासन से इक्विटी अंशदान द्वारा किया गया है ।

प्रवर्तक की भूमिका रेल अवसंरचना की आवश्यकताओं को उपलब्ध कराना है तथा इसकी स्थापना साझा प्लेटफार्म के लिए है, ताकि सीमित अवधि में एसोसिएशन द्वारा इसके उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके। प्रवर्तक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करते समय, एसईसीएल का ध्यान पारिस्थितकीय जन्यरूप में रेल द्वारा कोयला निकासी की प्रक्रिया पर, रेल परिवहन के लिए तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में इरकॉन की हिस्सेदारी, तथा छत्तीसगढ शासन द्वारा रेल बिछाने के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने की ओर है । प्रक्रिया के पहल के रूप में, सीईडब्लूआरएल द्वारा इरकॉन के साथ दिनांक 05.04.2014 को परियोजना कार्य–निष्पादन अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसके अनुसार सीईडब्लूआरएल जिसे परियोजना प्रबंधन परामर्शता के रूप में कार्य करने के लिए रेलवे परियोजना के कार्यान्वयन का विशेषज्ञ माना जाता है, द्वारा गेवरा रोड से पेण्ड्रा रोड तक प्रस्तावित रेल परियोजना का निर्माण कार्य निष्पादित किया जाएगा ।

4.0 परियोजना निष्पादन अनुबंध :

कम्पनी की ईस्ट–वेस्ट रेल कोरिडोर परियोजना (कोरिडोर–।।।) के निष्पादन के लिए, परियोजना कार्य निष्पादन अनुबंध पर दिनांक 05 अप्रैल, 2014 को सीईडब्लूआरएल एवं इरकॉन के मध्य हस्ताक्षर किए गए।

अनुबंध के अंतर्गत कार्यकलापों में यथा–मार्ग का चयन, भूमि अधिग्रहण, विस्तृत सर्वेक्षण कार्य, परियोजना की लागत, परियोजना लागत की स्थापना हेतु व्यावहार्यता/बैकग्रहिता प्रतिवेदन तैयार करना, भूमि के डाटा का संग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना (आरएंडआर) कार्य, पुनर्वास एवं पुनस्थार्पना कार्यकलापों में आवर्ती सहयोग, डीपीआर तैयार करना, रेल नेटवर्क का निर्माण एवं पूर्णता, रियायत अनुबंध के अधीन व्यवस्था, वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के अनुसार परियोजना के उददेश्य के लिए वन भूमि की अनुमति व व्यपवर्तन आदि शामिल है। ईस्ट–वेस्ट रेल कोरिडोर परियोजना गेवरा रोड से पेण्ड्रारोड को जोड़ेगी ।

5.0 पूंजीगत संरचना :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कम्पनी की अधिकृत पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था,जोकि रू. 5.00 करोड़ था। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कम्पनी की 40,05,000–नग इक्विटी शेयर, एसईसीएल एवं इरकॉन को क्रमशः 64–प्रतिशत एवं 26–प्रतिशत के उनके शेयरहोल्डिंग अनुपात में जारी की गई थी। शेयर पूर्णतः अभिदत्त एवं पूर्णतः प्रदत्त हैं। सीएसआईडीएल का इक्विटी अंशदान, भूमि की लागत के रूप में होगा । प्रवर्तक कम्पनियों का इक्विटी शेयरहोल्डिंग पैटर्न नीचे दर्शित है :

कंपनी का नाम	31.03.2015 को शेयर होल्डिंग पैटर्न	31.03.2014 को शेयर होल्डिंग पैटर्न
साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड	71.02 प्रतिशत	64 प्रतिशत
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड	28.85 प्रतिशत	26 प्रतिशत
सीएसआईडीसी (छ.ग. शासन की प्रतिनिधि)	0.13 प्रतिशत	10 प्रतिशत
कुल	100 प्रतिशत	100 प्रतिशत

6.0 वित्तीय परिणाम :

पिछले वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 2014–15 का वित्तीय परिणाम नीचे दर्शित है :

विवरण	31.03.2015 को समाप्त वर्ष के लिए (रू.)	25.03.2013 से 31.03.2014 तक की अवधि के लिए (रू.)
वर्ष हेतु लाभ/हानि	(4,04,397.00)	(13,45,783.70)
पिछले वर्ष से लाया गया लाभ/हानि	(13,45,783.70)	–
तुलन पत्र में में लाया गया शेष	(17,50,180.70)	(13,45,783.70)

7.0 पूंजीगत व्यय :

(I) प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान, कार्यालय भवन के अधिग्रहण व साज–सज्जा तथा कार्यालयीन फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि की खरीदी में रू. 1,48,88,190.00 की सीमा तक निवेश किया गया।

(ii) परियोजना के प्रथम चरण के कार्य निष्पादन के लिए पूंजीगत व्यय के रूप में रू. 75,53,702.00 की सीमा तक निवेश किया गया ।

8.0 राजकोष में योगदान : कुछ नहीं

9.0 ऋण निधि :

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने कोई ऋण नहीं लिया ।

10.0 भूमि अधिग्रहण :

i. निजी भूमि का सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्य एलाईनमेंट में परिवर्तन होने के कारण प्रगति पर है ।

ii. सरकारी भूमि के हस्तांतरण के लिए आवेदन पत्र बिलासपुर जिला में प्रस्तुत किया गया है ।

iii. कोरबा जिला में भूमि का सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्य तथा वन भूमि के वृक्षों की गणना का कार्य प्रगति पर है ।

11.0 विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन :

साऊथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे (एसईसीआर) के साथ लम्बी चर्चा के दौरान संरेखण मुद्दे एवं सायडिंग तक कनेक्टिविटी पर सुझाए गए परिवर्तन–संशोधन के अनुसार मूल विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) पुनरीक्षण किया जा रहा है ।

12.0 कार्यालय भवन :

सीईडब्लूआरएल (सीईआरएल के साथ संयुक्त रूप में) ने सीएसआईडीसी कामर्शियल काम्पलैक्स, महादेव घाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर में सीएसआईडीसी से 30–वर्षों की अवधि के लिए पट्टे पर कार्यालय भवन लिया है ।

कार्यालय की साज–सज्जा पूरा किया जा चुका है तथा कार्यालय जुलाई, 2014 से पूर्णरूप में संचालित है ।

13.0 शक्तियों का प्रत्यायोजन :

मुख्य कार्मिकों की सुस्थापित संरचना, सुपरिभाषित भूमिका एवं अधिकार प्रदत्त उत्तरदायित्व उनकी निर्णय लेने की क्षमता और प्रभावशीलता के लिए उन्हें और अधिक सामर्थ्यवान बनाता है। इस महत्व पर भरोसा करते हुए, मुख्य अधिकारियों के लिए समुचित शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है, ताकि वे पारदर्शिता, जवाबदेहिता एवं लागत पर जोर देते हुए प्रचलित नीतियों, प्रक्रियाओं एवं मार्गनिर्देशों के अनुसरण में अपने उत्तरदायित्वों का समुचित रूप में निर्वहन कर सकें ।

14.0 प्रबंधन दल :

कम्पनी का प्रबंधन दल एसईसीएल व इरकॉन से प्रतिनियुक्ति पर आए हुए निम्नलिखित श्रमशक्ति के साथ कार्य कर रहा है :

स.क.	नाम	पदनाम	से प्रतिनियुक्ति पर
1	श्री विश्वजीत चौधरी	मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)	एसईसीएल
2	श्री रजनीश नारायण	मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ)	एसईसीएल
3	श्री राजेश खरे	मुख्य संचालन अधिकारी (सीओओ)	इरकॉन
4	श्री नरेन्द्र बोन्द्रे	उप प्रबंधक (सिविल)	इरकॉन
5	श्री अनुप अग्रवाल	सहायक प्रबंधक (वित्त)	एसईसीएल

15.0 लेखा परीक्षक :

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अधीन, निम्नलिखित लेखा परीक्षा प्रतिष्ठान को वित्तीय वर्ष 2014–15 अर्थात 01.04.2014 से 31.03.2015 के लिए कम्पनी के सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया :

मेसर्स एडीबी एंड कम्पनी,
अधिकृत लेखाकार,
प्रतिष्ठान पंजीयन संख्या–005593सी
प्रथम तल,
महावीर गौशाला काम्पलैक्स,
के.के. रोड, मौधापारा,
रायपुर (छत्तीसगढ़)

16.0 निदेशक मण्डल :

सीईडब्लूआरएल के निदेशक मण्डल में 7 (सात) सदस्यगण, यथा एसईसीएल के नामिनी के रूप में अध्यक्ष एवं 2–निदेशक, इरकान के नामिनी के रूप में 2–निदेशक, सीएसआईडीसीएल के नामिनी के रूप में 1–निदेशक तथा रेल मंत्रालय के नामिनी के रूप में एक निदेशक शामिल है।

16.1 31.03.2015 तक के निदेशक मण्डल का संयोजन नीचे दर्शित है :

स.क.	नाम	पदनाम	नियुक्ति तारीख
1	श्री ए.पी. पण्डा, निदेशक (वित्त), एसईसीएल	अध्यक्ष	10.08.2013
2	श्री आर.पी. ठाकुर, निदेशक (तक.) संचालन, एसईसीएल	निदेशक	12.12.2013
3	डॉ आर.एस. झा, निदेशक (कार्मिक), एसईसीएल	निदेशक	08.11.2014
4	श्री के.के. गर्ग, निदेशक (वित्त), इरकॉन	निदेशक	25.03.2013
5	श्री संजय रस्तोगी, कार्यकारी निदेशक, इरकॉन	निदेशक	25.03.2013
6	श्री सुनील मिश्रा, प्रबंध निदेशक, सीएसआईडीसीएल	निदेशक	04.05.2013
7	श्री देबराज पण्डा, मंडल रेल प्रबंधक, एसईसीआर	निदेशक	29.12.2014

16.2 प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित व्यक्ति निदेशक पद पर नियुक्त हुए –

स.क.	नाम	पदनाम	नियुक्ति तारीख
1	डॉ आर.एस. झा, निदेशक (कार्मिक), एसईसीएल	निदेशक	08.11.2014
2	श्री देबराज पण्डा, मंडल रेल प्रबंधक, एसईसीआर	निदेशक	29.12.2014

